आत्म-कीर्तन

Ātma-Kīrtana

कविश्री मनोहरलाल वर्णी 'सहजानंद'

Kaviśrī manōharalāla varṇī 'Sahajānanda'

हूँ स्वतंत्र निश्चल निष्काम, ज्ञाता-दृष्टा आतम-राम ।
मैं वह हूँ जो हैं भगवान्, जो मैं हूँ वह हैं भगवान् ।
अन्तर यही ऊपरी जान, वे विराग मैं राग-वितान ॥१॥

Hūm̐ svatantra niścala niṣkāma, jñātā-driṣṭā ātama-rāma |
Maiṁ vaha hūm̐ jō haiṁ bhagavān, jō Maiṁ hūm̐ vaha haiṁ bhagavān |
Antara yahī ūparī jāna, vē virāga Maiṁ rāga-vitāna ||1||

मम-स्वरूप है सिद्ध-समान, अमित-शक्ति-सुख-ज्ञान-निधान ।
किन्तु आश-वश खोया ज्ञान, बना भिखारी निपट अजान ॥२॥

Mama-svarūpa hai sid'dha-samāna, amita-śakti-sukha-jñāna-nidhāna |
Kintu āśa-vaśa khōyā jñāna, banā bhikhārī nipaṭa ajāna ||2||

सुख-दु:खदाता कोई न आन, मोह-राग ही दु:ख की खान ।
निज को निज, पर को पर जान, फिर दु:ख का नहिं लेश निदान ॥३॥

Sukha-du:Khadātā kōi na āna, mōha-rāga hī du:Kha kī khāna |
Nija kō nija, para kō para jāna, phira du:Kha kā nahiṁ lēśa nidāna ||3||

जिन,शिव,ईश्वर, ब्रह्मा, राम, विष्णु, बुद्ध, हरि जिसके नाम ।
राग-त्याग पहुँचूं निज-धाम, आकुलता का फिर क्या काम ॥४॥

Jina, śiva, iśvara, brahmā, rāma, viṣṇu, bud'dha, hari jisakē nāma |
Rāga-tyāga pahum̐cūṁ nija-dhāma, ākulatā kā phira kyā kāma ||4||

होता स्वयं जगत् परिणाम, मैं जग का करता क्या काम ।
दूर हटो पर-कृत परिणाम, सहजानन्द रहूँ अभिराम ॥५॥

Hōtā svayaṁ jagat pariṇāma, maiṁ jaga kā karatā kyā kāma |
Dūra haṭō para-kr̥ta-pariṇāma, sahajaanand rahūm̐ abhirāma ||5||

हूँ स्वतंत्र निश्चल निष्काम, ज्ञाता-दृष्टा आतम-राम ।
Hūm̐ svatantra niścala niṣkāma, jñātā-driṣṭā ātama-rāma |

All copyrights reserved © 2Alotus

* * * A * * *

2Alotus

All copyrights reserved © 2Alotus